खबर संक्षेप

## एसडीओपी अमरपाटन प्रतिभा शर्मा को दी गई भावभीनी विदाई

**मैहर।** अमरपाटन अनुभाग में पदस्थ एसडीओपी प्रतिभा शर्मा का हाल ही में मनगवां स्थानांतरण हो गया है। इस अवसर पर एसपी कार्यालय मैहर में एक भावनात्मक विदाई समारोह का आयोजन किया गया जहां पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल ने उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी। समारोह में एसपी सुधीर अग्रवाल ने प्रतिभा शर्मा के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने न सिर्फ कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखा,बल्कि जनता और विभाग के बीच मजबूत समन्वय स्थापित किया। उनकी कार्यशैली में कर्मठता,निष्ठा और संवेदनशीलता स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती रही है। उनके नेतृत्व में अमरपाटन क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुए। इस अवसर पर एडिशनल एसपी डॉ.चंचल नागर,सूबेदार नृपेन्द्र सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने प्रतिभा शर्मा के उज्वल भविष्य की कामना की और मनगवां में उनके नए दायित्वों हेतु शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

## सिविल अस्पताल की बन रही बाउंड्री का निरीक्षण

**मैहर।** मैहर सिविल अस्पताल में बाउंड्री निर्माण का कार्य किया जा रहा है। बाउंड्री वॉल के निर्माण की गुणवत्ता को देखने के लिए विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी पहुंचे और निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया साथ ही अस्पताल के प्रभारी से मिलकर सिविल अस्पताल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर ठेकेदार को सख्त निर्देश दिए की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए नहीं तो सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## आंगनबाड़ी केन्द्रों में 1 से 15 जून तक रहेगा ग्रीष्मकालीन अवकाश

**मैहर।** मैहर जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों में 1 से 15 जून तक 15 दिवसीय ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया गया है। यह अवकाश केन्द्रों में नियमित रूप से आने वाले 3 से 6 आयु वर्ग के बच्चों एवं अन्य हितग्राहियों के लिए होगा। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका की उपस्थिति इस अवधि में अनिवार्य रहेगी।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत ड्रोन का प्रदर्शन

**सतना।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत मंगलवार को रामपुर बघेलान विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत तिहाई में कृषकों के समक्ष ड्रोन द्वारा खेत में दवा के छिडकाव का प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर कृषक संगोष्ठी का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। जिसमें कृषि वैज्ञानिक, उपसंचालक पशुपालन, कृषि, उद्यान,फसल बीमा के अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभाग की योजनाओं की जानकारी कृषकों को दी गई। इस दौरान किसानों को मिट्टी नमूना,नरवाई प्रबंधन से भी अवगत कराया गया।

## वरिष्ठ समाजसेवी हीरालाल गुप्ता का देहावसान



**सतना।** वरिष्ठ समाजसेवी हीरालाल गुप्ता का सोमवार और मंगलवार की आधी रात निधन हो गया। वह 86 वर्ष के थे और कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उन्होंने सोमवार और मंगलवार की आधी रात लालता चौक स्थित निज निवास में अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को किया गया। हीरालाल गुप्ता कांग्रेस के कर्मठ कार्यकर्ता के रूप में भी जाने जाते थे। उनके निधन पर मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री शाहिद अहमद, पूर्व विधायक तोषण सिंह, सुरेंद्र शर्मा, सजन वसानी, नरेंद्र सिंह एडवोकेट, गिरीश शाह, डाक्टर पी डी पटेल, एमजी सक्सेना, राजल दास आडवाणी, मधुकर पारीख, अनवर मिर्जा, अशोक चक्रवर्ती, रईस खान, सुधीर कनौजिया,सुरेश कंधारी, रोहित सिंह बघेल, अशोक चक्रवर्ती, अनिरुद्ध द्विवेदी,पप्पू छट्टानी, महेश सेन मुकेश सेन मनोहर आदि ने शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है।

### जीआरपी-आरपीएफ की संयुक्त कार्यवही

# ट्रेनों में चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के दो बदमाश गिरफ्तार



### साढ़े 8 लाख रुपए के गहने बरामद

**सतना।** राजकीय रेलवे पुलिस ने ट्रेनों में चोरी कर फरार होने वाले दो अंतरराज्यीय शातिर बदमाशो को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से करीब 8.59 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर बरामद किए गए हैं। यह जानकारी मंगलवार को पुलिस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों को दी। जीआरपी चौकी के प्रभारी राजेश राज ने बताया कि आरोपी उमरिया के रहने वाले मुख्य आरोपी दीपक तिवारी पिता जयदीप तिवारी 24 वर्ष पर रेल यात्रियों के सामान चोरी के कई मामले दर्ज हैं। वह पिछले एक साल से फरार था। उसकी तलाश यूपी, महाराष्ट्र, हैदराबाद, विजयवाड़ा और विशाखापत्तनम की पुलिस भी कर रही थी।

### कार से भागते थे आरोपी, ट्रेन के साथ चलती थी गाड़ी

पुलिस के मुताबिक आरोपी जिस ट्रेन में चोरी करते,उसी के साथ एक होंडा सिटी कार चलती थी। वारदात के बाद आरोपी स्टेशन पर उतरकर उसी कार में सवार होकर फरार हो जाते थे। पुलिस को सूचना मिली कि दीपक तिवारी अपने साथी राजू कुशवाहा 26 वर्ष निवासी मिर्जापुर,प्रयागराज के साथ मिडकॉली घाटी,मारकुंडी रोड,मझगवां क्षेत्र में कार सहित मौजूद है। तत्काल जीआरपी और आरपीएफ की टीम ने घेराबंदी कर दोनों को गिरफ्तार किया।

### चोरों के पास से 8.59 लाख रुपए के जेवर मिले

गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपियों से पूछताछ में पुलिस को करीब 8.59 लाख रुपए के जेवर मिले।



दोनों को सतना न्यायालय में पेश किया गया,जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### कई दिनों से यूपी के कई इलाकों में चल रही थी छापामारी

जीआरपी और आरपीएफ के सूत्रों ने बताया कि आरोपियों की सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम में उत्तर प्रदेश के कई जिलों में लगातार दबिश दे रहीं थी। आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए मोबाइल सर्विलांस का सहारा लिया गया था। इसके अलावा उन बदमाशों को भी चेक किया जा रहा था जिनके उनसे संबंध थे। सूत्रों ने बताया कि मामले में उन आरोपियों की भी पकड़े जाने की संभावना है।

# सैनिक कल्याण कार्यालय और आईटीआई कॉलेज के सामने से हटाईं अवैध दुकानें





**सतना।** मंगलवार को प्रशासन ने अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। एसडीएम राहुल सिलड़िया के नेतृत्व में नगर निगम का अतिक्रमण दस्ता जिला सैनिक कल्याण बोर्ड कार्यालय और आईटीआई कॉलेज भवन के सामने पहुंचा। टीम ने बुलडोजर की मदद से अवैध रूप से लगाई गई दुकानें और गुमटियां हटाईं। प्रशासन की टीम को देखते ही कई फुटपाथ व्यापारियों ने खुद ही अपना सामान हटा लिया। व्यापारियों द्वारा लगाए गए पेड़-पौधों को भी हटाया गया।

आवागमन में होती थी परेशानी

बिरला रोड पर कई लोग अवैध रूप से दुकानें लगाकर व्यापार करते थे। इससे आवागमन में परेशानी होती थी और हादसों का खतरा भी बना रहता था। विशेष रूप से आईटीआई कॉलेज के सामने सुबह से ही फल विक्रेता अपनी दुकानें लगा लेते थे। इससे कॉलेज के छात्र-छात्राओं और स्टाफ को आने-जाने में दिक्कत होती थी।



## सड़क निर्माण का किया गया भूमि पूजन

**मैहर।** मैहर के चोपड़ा कॉलोनी वार्ड नं.14 में रोड निर्माण 6 लाख 57000 रुपए की लागत से भूमि पूजन कर उपस्थित जनमानस को संबोधित किया गया। इस अवसर पर मैहर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती गीता संतोष सोनी,सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी,सभापति अशोक चौबे,पवन दुबे,केशव कुशवाहा, वार्ड की पार्षद मंजू लक्ष्मण गुप्ता,दीप कुमार कोरी,प्रभात द्विवेदी,विजय भारती,ओम प्रकाश गुप्ता,लकी सरदार,दुर्गा गुप्ता,पूरण,पंडित हेतराम तिवारी,सुधीर सोनी,शुभम गुप्ता,नगर पालिका के इंजीनियर वनस्पति पांडेय,राहुल पटेल,ठेकेदार,गोविद गुप्ता,मानसु गुप्ता,कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## मैहर में आपदा प्रबंधन का दिया गया प्रशिक्षण




**मैहर।** मैहर के नगर पालिका भवन में 11 वीं वाहिनी एनडीईआरएफ वाराणसी के द्वारा भवन में आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व उप महानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा के दिशा निर्देशन में इंस्पेक्टर श्री निवास मीना के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर भूकंप से बचाव, सड़क सुरक्षा और बाढ़ से बचाव के तरीके आदि कई होने वाली आपदाओं से बचाव के तरीके बताए गए। टीम ने सीपीआर देने की विधि ओर गले में फंसी वस्तु निकालने के तरीके भी सिखाए गए। प्रतिभागियों को शरीरिक चोट में रक्त बहाव को रोकने और सांप काटने के प्राथमिक उपचार की जानकारी दी गई। इसी तरह कार्यक्रम में स्ट्रेचर बनाने और लिफ्टिंग-मूविंग की तकनीकें भी सिखाई गई वहीं जल संरक्षण और अग्निशामक यंत्र के उपयोग उप विशेष ध्यान दिया गया। इसी तरह प्रशिक्षकों के द्वारा दामिनी,मौसम और भुकंम जैसे उपयोगी ऐप्स के इंस्टॉलेशन और उपयोग की जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण में सभी प्रतिभागियों ने शामिल होकर तरीकों को सीखा गया एवं सक्रिय भागीदारी निभाई। प्रक्षिणार्थियों ने एनडीईआरएफ के द्वारा दिए गए प्रशिक्षण को शिक्षाप्रद बताया गया। कार्यक्रम में एनजीओ और नगर पालिका कर्मियों को आपदा प्रबंधन में राहत बचाव की तकनीकों की बारीकियों को समझने में मदद मिली।

# कलेक्टर ने सुनी 149 आवेदकों की समस्यायें

**सतना।** कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में जिले के दूर-दराज के क्षेत्रों से आये 149 आवेदकों से उनकी समस्यायें सुनी और अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिये। इस मौके पर अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे, एसडीएम एलआर जांगडे सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में जमीन का सीमांकन कराने,अनुकंपा नियुक्ति, खाद्यान पात्रता पर्ची,दाखिल-खारिज कराने, प्रधानमंत्री आवास योजना,अवैध कब्जा हटाने,विद्युत समस्या,जमीन का कब्जा



दिलाने, सीमांकन कराने,चिकित्सा सहायता, रोजगार दिलाने,भरण-पोषण और संबल योजना के लाभ संबंधी आवेदन लेकर जनसुनवाई में पहुंचे।

**मैहर जिले की जनसुनवाई में आये 42 आवेदन**

कलेक्टर रानी बाटड ने मंगलवार को जनसुनवाई में जिले के विभिन्न अंचलों से प्राप्त 42 आवेदनों पर सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारी को निराकरण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# आपरेशन मुस्कान के तहत 29 बच्चियों को मैहर पुलिस ने खोजा

**मैहर।** ऑपरेशन मुस्कान के तहत अपहरण एवं लापता हो रहे बच्चों का पता लगाने और उन्हें परिजनों से मिलाने के लिए गृह मंत्रालय की एक परियोजना है जिसमें पुलिस के द्वारा सूचना के आधार पर लापता एवं अपहरण हुए बच्चों की पहचान कर खोज कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया जाता है। पुलिस महानिदेशक मध्यप्रदेश कैलाश मकवाना के निर्देशानुसार एवं पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन गौरव राजपूत के मार्गदर्शन में रीवा जोन के मैहर जिले के पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल के द्वारा मैहर जिले से गुम एवं लापता हुई नाबालिक बच्चियों को खोज निकालने के लिए 01 मई 25 से विशेष अभियान ऑपरेशन मुस्कान चलाया गया था। ऑपरेशन मुस्कान में 01 मई से 31 मई तक पुलिस द्वारा मैहर जिले से अपहरण एवं लापता हुई 29 नाबालिक बच्चियों को सुरक्षित ढूंढ निकला गया एवं उन्हें परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल ने बताया कि इसमें मैहर थाना अंतर्गत एक बच्ची जो कि 2015 से लापता थी जिसे थाना पुलिस द्वारा जबलपुर के पास से ढूंढ निकाला गया वह बच्ची अपने परिजनों ने 10 साल के बाद मिल पाई। इसके अलावा पुणे,नोएडा,दिल्ली जैसे दूरदराज के इलाकों से इन सभी बच्चियों को ढूंढ निकाला गया है। लापता बच्ची अपने परिवार से मिल कर चेहरे की मुस्कान वापस आई।

# मैहर जिले की डीएलसीसी की त्रैमासिक बैठक संपन्न

**सतना।** मैहर जिले की जिला स्तरीय बैंकर्स समिति की त्रैमासिक बैठक कलेक्टर रानी बाटड की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक से नवनीत तिवारी,नाबार्ड से जीडी गोपेश,अग्रणी जिला प्रबंधक गौतम शर्मा सहित मैहर के सभी बैंकों के शाखा प्रबंधक एवं शासकीय विभागों से विभिन्न अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में बताया गया कि विगत तिमाही बैठक में मैहर जिले का जमा ऋण अनुपात 68 प्रतिशत रहा। जिस पर कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया कि जमा ऋण अनुपात अगली तिमाही तक 70 प्रतिशत करने का प्रयास करें। बैंक ऑफ इंडिया,भारतीय स्टेट बैंक एवं यूको बैंक का जमा ऋण अनुपात कम रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। भारतीय रिजर्व बैंक के अधिकारी द्वारा बताया गया कि मध्यप्रदेश का कुल जमा ऋण अनुपात 82 प्रतिशत है। अग्रणी जिला प्रबंधक द्वारा बताया गया कि रीवा संभाग में सबसे अधिक जमा ऋण अनुपात मैहर जिले का है एवं सबसे कम अनुपात सिंगरौली जिले का है। मैहर जिले में बैंक शाखाओं के जरूरत से कम होने पर कलेक्टर द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गई एवं सभी बैंकों एवं राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति को पत्र लिखने के लिए निर्देश दिये। इसके साथ ही आदिवासी वित्त की योजनाएं जैसे टंट्या मामा एवं बिरसा मुंडा में कम प्रगति को लेकर अप्रसन्नता व्यक्त की गई एवं आगामी वर्ष में लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। अंत्यावसायी विभाग,एनआरएलएम,पशुपालन एवं केसीसी की विभिन्न योजनाओं में लक्ष्य के सापेक्ष संतोषजनक प्रगति पर संतोष व्यक्त किया गया। साथ ही कलेक्टर द्वारा एनआरएलएम को विभिन्न ग्रामों में पर्याप्त प्रकरण के निर्देश दिए गए।

## मैहर अस्पताल परिषर में नहीं रहेगी प्राइवेट एंबुलेंस

**मैहर।** मैहर अस्पताल में विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने आकस्मिक निरीक्षण किया क्यों कि एक लंबे समय से जानकारी मिल रही थी कि प्राइवेट एंबुलेंस के द्वारा कहीं ना कहीं मरीजों से मनमाने पैसे लेने का काम कर रहे थे जिसके बाद निरीक्षण पर मैहर विधायक अस्पताल पहुंचे जहां पर प्राइवेट एंबुलेंस चालकों को जमकर फटकार लगाई इसके साथ-साथ कड़े शब्दों में कहा कि मैहर सिविल अस्पताल परिसर पर प्राइवेट एंबुलेंस बिल्कुल भी नहीं दिखाई देनी चाहिए। श्री चतुर्वेदी ने कहा कि सरकार के द्वारा लगातार जनहित और स्वास्थ्य को लेकर लगातार कार्य किया जा रहे हैं और एंबुलेंस की संख्या भी बढ़ाई जा रही है लेकिन प्राइवेट एंबुलेंस चालकों की वजह से कहीं ना कहीं मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है जिसको लेकर मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने कड़े शब्दों में अस्पताल प्रबंधन को कहा है कि प्राइवेट एंबुलेंस अस्पताल परिसर पर नहीं दिखाई देने चाहिए।

# श्रमायुक्त द्वारा किया गया प्रिज्म जॉनसन फैक्ट्री का निरीक्षण





**सतना।** श्रमायुक्त श्रीमती रजनी सिंह द्वारा मंगलवार को रामपुर बघेलान क्षेत्र अंतर्गत मनकहरी में स्थित प्रिज्म जॉनसन प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान फैक्ट्री के अंदर श्रमिकों की सुरक्षा के लिए निर्धारित मापदण्डों के आधार पर लगाये गए सुरक्षा उपकरणों, सुरक्षा उपायों के संबंध में जानकारी ली गई एवं संस्थान के अंदर डब्ल्यूएचआरएस में कृत्रिम दुर्घटना की स्थिति बनाकर माकड्रिल कराई गई। श्रमायुक्त द्वारा फैक्ट्री में कार्यरत श्रमिकों के स्वास्थ्य परीक्षण के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई तथा स्वास्थ्य सुविधाओं जैसे नियमित स्वास्थ्य परीक्षण आदि के लिए विशेष ध्यान दिये जाने के लिए निर्देशित किया गया। इस दौरान श्रमायुक्त ने फैक्ट्री प्रबंधन से पौधा रोपण एवं क्षेत्र की वाटर टेबल में सुधार के लिए प्रयास किये जाने के लिए आग्रह किया गया। निरीक्षण के समय संचालक नमिता तिवारी, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा इन्दौर अनुराग प्रताप सिंह, प्रभारी सहायक श्रमायुक्त कार्यालय सतना, कारखाना प्रबंधक प्रिज्म जॉनसन उपस्थित रहे।

# विकास की सोच के साथ जल गंगा संवर्धन अभियान में भावी भविष्य को ध्यान में रखकर जिले के सरपंचों को प्रदर्शनी के माध्यम से सीईओ जिला पंचायत ने दी दिशा



**कार्य ही संदेश देते है वहीं उत्कृष्ट कार्य से पहचान स्वमेव साबित होती है साथ ही वर्तमान समय में जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से 30 जून तक जहां जल श्रोतों तथा जल की उपयोगिता को ध्यान में किये जाने वाले कार्यों को दिशा देने के लिये कलेक्टर सुरेश कुमार के मार्गदर्शन में सीईओ जिला पंचायत उमराव सिंह मरावी के निर्देशन में जहां जिले में बेहतर निर्माण कार्य जल गंगा संवर्धन अभियान को ध्यान में रखकर जो किये गये उनके छाया चित्र स्वयं जहां प्रदर्शनी में विगत दिवस सरकार के मुखिया डॉ0 मोहन यादव के आगमन में साबित हुई प्रगति पथ की दिशा वहीं अन्य सरपंचों के लिये प्रेरणादायी।**

**पन्ना।** जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से जहां वर्तमान समय में 30 जून तक जो कार्य किये जाने है वह आने वाले कल को संवारने के लिये जाने जायेंगे। जल है तो कल है यह नारा स्वमेव चरितार्थ है जल ही जीवन है तथा पानी की उपयोगिता से ही विकास की दिशा अलग ही मजबूत मानी जाती है क्योंकि जहां पानी वहीं विकास की कई दिशायें तय होती है। जमीन में जल का महत्व ही सबसे प्रमुख माना जाता है इसी के साथ-साथ भविष्य में भी जल की बड़ी जरूरत मानी जा रही है। वर्तमान समय में भी जहां सरकार की सोच भावी समय को ध्यान में रखकर जल गंगा संवर्धन अभियान के रूप में जिले में जल श्रोतों को चिन्हित करते हुये उनके जीर्णोद्धार व सुधार कार्य किये जा रहे है वहीं जल की उपयोगिता को ध्यान में रखकर जो विकास की दिशा तय की गई। ऐसे कार्यों की छाया चित्र के माध्यम से प्रदर्शनी के रूप में पारदर्शिता को साबित करते हुये विगत समय जब प्रदेश सरकार के मुखिया डॉ0 मोहन यादव का आगमन हुआ वहीं पॉलीटेक्टिक ग्राउण्ड में यह प्रदर्शनी आकर्षण के साथ-साथ विकास को दिशा देने वाली साबित हुई। इतना ही नहीं जिले में इस समय साकारात्मक सोच के साथ कलेक्टर सुरेश कुमार के मार्गदर्शन में सीईओ जिला पंचायत के निर्देशन में जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से जो कार्य किये जा रहे है निश्चिततौर पर कहीं न कहीं विकास की दिशा देने के लिये अन्य सरपंचों के लिये ये उत्कृष्ट कार्य के रूप में प्रेरणादायी माने जा रहे हैं क्योंकि जहां प्रशासन व सरकार के मुखिया के सामने यह छाया चित्र अपने आप में विकास की दिशा जो तय की जा रही है वह बताने का प्रयास किया। वहीं कार्यक्रम में आने वाले विकास प्रेमी तथा जिले की पंचायतों में जो सरपंच वर्तमान समय में गांव-गांव में विकास को आगे बढा रहे है उनके लिये यह प्रेरणादायी संदेश है। निश्चिततौर पर सीईओ जिलापंचायत उमराव सिंह मरावी शायद जिले में पहले जिला पंचायत सीईओ है जो खेत तालाब जैसी योजना के क्रियान्वयन को लेकर स्वयं ले-आउट तक दिलवाने के लये जमीन में पहुंचे जब विभाग के मुखिया की यह सोच है तो यह स्वर्णिम समय जिले में विकास के लिये माना जा रहा है। देखना यह है कि इस समय वास्तविकता में कौन सी पंचायत या कितनी पंचायतें उत्कृष्ट कार्यों के करने को लेकर जानी जायेंगी। गौरतलब बात तो यह है कि ये कार्य प्रगतिरत के हालात में माने जा रहे है आने वाले समय में इन्हीं में से उत्कृष्टता की मिशाल सामने आयेगी। वक्त अभी भी जो भी कार्य करें गुणवत्ता को ध्यान में रखकर उत्कृष्ट की दिशा तय करें जो स्वमेव हर समय के लिये इतिहास के रूप में जाने जाते है।



## खबर संक्षेप

### सागौन के वृक्ष ने की सुरक्षा, टली दुर्घटना, बाल-बाल बची जान



**पन्ना।** वृक्ष जीवन प्रदान करते है ऑक्सीजन के रूप में तो जाना जाता है वहीं जल के लिये भी जंगल की जरूरत पर विगत दिवस अजयगढ घाटी में खंदिया हनुमान जी मंदिर के पास जब एक रेत ढोने वाला ट्रक अचानक सड़क में अनियंत्रित होकर खाई में गिरने लगा तो सागौन के वृक्ष ने सुरक्षा प्रदान की वृक्ष के कारण ट्रक खाई में जाने से बचा। वहीं ट्रक में सवार चालक तथा हेल्पर भी सुरक्षित बच गये दुर्घटना भी टल गई। ट्रक को भी नुकसान नहीं हुइ इस तरह से जहां सागौन के वृक्ष ने सुरक्षित तरीके से सुरक्षा प्रदान करने में निभाई भूमिका ट्रक को खाई में गिरने से रोकने को लेकर वृक्ष बना सहारा।

### यूथ नेशनल एथलेटिक्स प्रतियोगिता गोवा में होगी आयोजित, पन्ना के खिलाड़ी लेंगे भाग

**पन्ना।** यूथ नेशनल एथलेटिक्स चौंपियनशिप 7 जून से 9 जून तक स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफद इंडिया पैडम स्पोर्ट्स कंपलेक्स मापुसा गोवा आयोजित की जाएगी जिसमें पन्ना जिले के पांच बालक एक बालिका का मध्य प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे विजेंद्र प्रताप सिंह पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक जिला एथलेटिक्स संघ पन्ना के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार केसरवानी एसडीओपी एसपी सिंह बघेल अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी जिला एथलेटिक्स संगठन के सभी पदाधिकारी ने और खेल और युवा कल्याण विभाग के सभी कर्मचारियों फुटबॉल संघ के सचिव श्री अमर बहादुर सिंह जिले के व्यवसायि अकरम खान ने खिलाड़ियों को बधाई दी और जीतने के लिए हौसला बढ़ाया खिलाड़ियों को जीत कर आने के लिए प्रेरित किया।

# महेवा बस स्टैंड पर बारिश ने खोली व्यवस्था की पोल, कीचड़ में तब्दील हुआ बस अड्डा





**पन्ना।** जिले के शाहनगर अंतर्गत महेवा बस स्टैंड की बदहाली एक बार फिर उजागर हो गई है। हल्की बारिश होते ही बस स्टैंड की हालत ऐसी हो गई कि वह एक बड़े कीचड़ के गड्ढे में तब्दील हो गया। आप तस्वीरों में देख सकते हैं कि कैसे चारों ओर कीचड़ फैल गया है। ना पैदल चलने वालों के लिए कोई सुविधा है, ना ही बसों तक पहुंचने का कोई रास्ता बचा है। जरा सी बारिश होती है, और पूरा बस अड्डा दलदल बन जाता है। न पैर रखने की जगह मिलती है, न बैठने की। प्रशासन को कई बार शिकायत की गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती। यह हाल तब है जब महेवा बस स्टैंड से रोजाना सैकड़ों यात्रियों की आवाजाही होती है। लेकिन बुनियादी सुविधाओं के अभाव में लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अब सवाल उठता है कि आखिर कब तक जनता इस अव्यवस्था की मार झेलेगी? और कब प्रशासन इस दिशा में ठोस कदम उठाएगा।

# टिकरिया के पास सड़क दुर्घटना में चार घायल

## एक गंभीर रूप से घायल को किया गया जिला अस्पताल रेफर



**पन्ना।** शाहनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत टिकरिया के पास पन्ना कटनी रोड में आज मंगलवार दोपहर 2 बजे एक ट्रक से चार पहिया वाहन की आमने सामने भिड़ंत हो गई।भिड़ंत के दौरान एक ही परिवार के चार लोग घायल हो गए। हादसे में सबसे ज्यादा चोटें 55 वर्षीय प्रिमला गुप्ता को आईं, जिन्हें तत्काल जिला चिकित्सालय कटनी रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दुर्घटना में घायल हुए लोगों की पहचान प्रिमला गुप्ता, पत्नी राजेश गुप्ता, उम्र 55 वर्ष रूपल गुप्ता, पुत्री राजेश गुप्ता, उम्र 28 वर्ष ,तोषु, पुत्र राजेश गुप्ता, उम्र 24 वर्ष। व राजेश गुप्ता, पुत्र बृजकिशोर गुप्ता, उम्र 58 वर्ष के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सभी लोग एक ही वाहन में सवार थे, जब यह दुर्घटना घटी। मौके पर स्थानीय लोगों ने घायलों की सहायता करते हुए प्राथमिक उपचार के लिए सीएचसी शाहनगर पहुंचाया जहां अमन खान द्वारा घायलों को प्राथमिक उपचार दिया गया।वहीं एक को गंभीर चोटें होने के चलते उसे जिला चिकित्सालय कटनी रेफर किया गया।

## एनआरसी पवई में मनाया गया दो वर्षीय ऋषभ का जन्मदिन

### डॉ. ओम हरि शर्मा की नई पहल की शुरुआत



**पवई।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पवई मे संचालित एन आर सी मे विगत दिवस कुपोषण बीमारी से पीड़ति बच्चों का सिर्फ इलाज भर नही हो रहा है बल्की भर्ती अवधि के दौरान किसी नन्हे बच्चे का दिन आता है तो उसे बडे ही उल्लास और उगंग के साथ एन आर सी स्टाफ एवं कुपोषित बच्चों के बीच रहने वाली महिला परिजनों के साथ केक काटकर जन्म दिन मनाने की शुरूआत डाक्टर ओम हरि शर्मा ने सोमवार को की ग्राम अलतहाई निवासी रिषभ रैकवार 28 मई को भर्ती हुआ था जिसकी जन्म तिथि 2/6/2023 है डाक्टर श्री शर्मा एवं रागनी पटेल रचना शर्मा के मन विचार आया क्यो न अपन भी नन्हे नन्हे बच्चों की खुशी के लिए उनके जन्म दिन को एन आर सी मे धूमधाम के साथ मनाना शुरू किया जिसकी शुरुआत सोमवार से की गई है इस दौरान एन आर सी मे खुशी का माहौल देखने को मिला।

# विकसित कृषि संकल्प यात्रा पहुंच रही है गांव गांव

## किसान सभा में दी जानकारी

**पन्ना।** भारत सरकार के केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा 29 मई से 12 जून तक विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरुआत की गई है। इसी तारतम्य में पन्ना जिले में कृषि विज्ञान केन्द्र एवं किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग पन्ना के प्रयासों से विकसित कृषि संकल्प यात्रा गांव गांव तक पहुंच रही है, जिसके माध्यम से उन्नत कृषि तकनीक, ग्रीष्मकालीन फसलों की समसामयिकी सलाह, नरवाई प्रबंधन, ड्रोन तकनीक, खरीफ बागवानी फसलों की तैयारी, मृदा स्वास्थ्य कार्ड आधारित उर्वरकों का प्रयोग, प्राकृतिक कृषि एवं भारत सरकार द्वारा संचालित कृषि एवं संबंधित विभागीय योजनाओं के बारे में किसानों को संगोष्ठी के माध्यम से आवश्यक जानकारी दी जा रही है। आज विकासखंड पन्ना की ग्राम पंचायत जनवार, जरधोवा, कुंजवन, गहरा एनएमडीसी, जरूआपुर तथा मनौर में किसान सभा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विकसित कृषि संकल्प टीम के प्रभारी कृषि विज्ञान केंद्र पन्ना के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. पी.एन. त्रिपाठी, डॉ. आर.पी. सिंह, डॉ. रितेश बागोरा, जयचंद लोधी, धर्मेन्द्र सिंह, नवीन कुमार सहित कृषि संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।



# हम सब का सबसे बड़ा फर्ज जल को बचानाः बहनजी




**पन्ना।** जल जन अभियान के अंतर्गत ब्रह्माकुमारी विद्यालय के द्वारा धर्म सागर तालाब की सफाई की गई बहन जी ने सभी को संदेश देते हुए कहा कि जल ही सब कुछ है, जल ही तो हमारा भविष्य,जल प्रकृति द्वारा मनुष्य को दी गई महत्वपूर्ण संपत्तियों में से एक है बिना जल के जीवन की कल्पना संभव नहीं है जल की कमी धीरे-धीरे बढ़कर एक गंभीर समस्या का रूप लेती जा रही है। जनसंख्या विस्फोट,बढ़ता प्रदूषण,अंधाधुंध औद्योगिकरण निरंतर गिरता भू-जल का स्तर, वृक्षों का कटाव तथा पानी की बर्बादी आज सबसे बड़ी समस्या है भारत में हजारों कुये, जल- कूप तालाब आदि सूख चुके हैं कहीं लोग पलायन करने को मजबूर हो रहे हैं प्रदूषित पानी के उपयोग से लोगों का स्वास्थ्य बिगड़ता जा रहा है वर्तमान समय में भारत तथा विश्व भर में गहराई जल संकट के प्रति जन जागरूकता लाने की अत्यधिक आवश्यकता है हम सभी का कर्तव्य है कि तालाबों का ध्यान रखें एवं गंदगी ना फैलाएं। इस जल अभियान मे पन्ना विधायक श्री बृजेंद्र प्रताप सिंह, नगर पालिका सीएमओ, पत्रिका संपादक विक्रांत दुबे, बृजेश कुमार त्रिपाठी,एवं ब्रह्मा कुमारीज से जुड़े हुए सभी भाई बहन उपस्थित रहे।



# विद्यालय ने रच दिया सामाजिक सम्मान का नया अध्याय, प्रतिभा का गौरव पहुंचा घर-घर



## सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवेंद्रनगर की अभिनव पहल

## विद्यालय परिवार ने छात्रों के निवास जाकर किया तिलक, मिठाई और सम्मान

**देवेंद्रनगर।** शिक्षा केवल अंकों का खेल नहीं, यह संस्कार, प्रेरणा और समाज से जुड़ने की प्रक्रिया है। सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवेंद्रनगर ने इसी मूल मंत्र को आधार बनाते हुए एक नई सोच को जन्म दिया है कृ टॉप करने वाले छात्रों को केवल मंच पर नहीं, उनके घर-आंगन में जाकर सम्मानित करना। परीक्षा परिणाम घोषित हुए एक माह बीत चुका है, परन्तु विद्यालय ने विद्यार्थियों की सफलता को केवल एक तिथि तक सीमित न रखते हुए, सामाजिक प्रेरणा में बदल दिया। विद्यालय परिवार के प्राचार्य पूरन सिंह राजपूत, प्रधानाचार्य, आचार्यगण और दीदियों ने चारों मेधावी छात्रों के निज निवास जाकर तिलक, मिठाई और शुभकामनाओं के साथ उनका आत्मीय सम्मान किया।

### सम्मानित छात्र-छात्राएं-

1. प्रिया पटेल (कक्षा 10वीं)- 98.8ः, प्रदेश की प्रवीण सूची में सातवां स्थान। 2. विवेक कुशवाहा (कक्षा 10वीं) - 98ः, जिले में प्रथम, प्रदेश में 11वां स्थान। 3. प्रतीक्षा शुक्ला (कक्षा 12वीं, मैथ्स ग्रुप) - 96.2ः, जिले में प्रथम स्थान। 4. यश त्रिपाठी (कक्षा 12वीं, मैथ्स ग्रुप) - 94.8ः, जिले में तृतीय स्थान। विद्यालय परिवार को अपने घर परपास देखकर छात्र-छात्राएं, उनके माता-पिता, परिजन और मोहल्ले वासी भावविभोर हो उठे। शिक्षा को मंच से निकालकर घर के आंगन में लाने की इस पहल ने विद्यार्थियों को केवल प्रोत्साहन नहीं, सम्मान और सामाजिक गौरव की अनुभूति कराई।

### प्राचार्य का हृदयस्पर्शी वक्तव्य

हमारे विद्यार्थी केवल अंक नहीं, हमारे सपनों के वाहक हैं। जब शिक्षक उनके घर जाकर आशीर्वाद देते हैं, तो वह केवल सम्मान नहीं होता कृ यह समाज और शिक्षा के बीच एक आत्मिक रिश्ता जोड़ने का प्रयास होता है। हम चाहते हैं कि प्रत्येक छात्र यह महसूस करे कि उसकी मेहनत का उत्सव सिर्फ उसके घर तक नहीं, पूरे नगर का गौरव बन जाए। इस पहल को न केवल विद्या परिषद बल्कि नगर के समाजसेवियों, पालकों और शिक्षाविदों ने भी एक अनुकरणीय परंपरा बताया, जो आने वाले समय में शिक्षा को सामाजिक चेतना के केंद्र में स्थापित करेगी।

## आधार ऑपरेटर के चयन के लिए आवेदन आमंत्रित

**पन्ना।** महिला एवं बाल विकास संचालनालय के निर्देशानुसार बाल विकास परियोजनाओं में आधार पंजीयन के लिए आधार मशीनों का संचालन कराया जाना है। इसके लिए जिले की 6 परियोजनाओं में भी मशीनों के संचालन के लिए ऑपरेटर्स का चयन किया जाएगा। इच्छुकजन 3 से 9 जून तक कार्यालयीन समय में कलेक्टेट स्थित जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय कक्ष क्रमांक 101 में अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। इस संबंध में जिले की वेबसाइट का अवलोकन कर अथवा कार्यालय में संपर्क कर योग्यता एवं दिशा निर्देश संबंधी विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# शांति एवं सद्भाव के साथ मनायें ईद- थाना प्रभारी



**अमानगंज।** नगर में शांति सद्भाव के साथ ईद पर्व मनाया जाने को लेकर स्थानीय पुलिस थाना में शांति समिति की बैठक का आयोजन थाना प्रभारी माधवी अग्निहोत्री ने आयोजित किया। जिसमें हिंदू मुस्लिम समुदाय के सभी पक्ष उपस्थित हुए एवं नगर के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, पत्रकार बंधुओ की उपस्थिति के बीच बकरा ईद मनाए जाने को लेकर थाना प्रभारी ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर सामूहिक कुर्बानियां ना हो शहर में किसी भी प्रकार की गंदगी नदी में ना डाली जाए और शांति एवं सद्भाव के साथ यह त्यौहार मनाया जाए। किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर पुलिस थाना अमानगंज में सूचना दें। बैठक में नायब तहसीलदार हेमंत अवधिया, सीएमओ राममिलन तिवारी एवं शहर सदर इकबाल बल्लू खान सहित तमाम मुस्लिम समुदाय के लोग उपस्थित रहे, साथ ही पत्रकार चम्पतराय तिवारी , प्रेमनारायण शर्मा, ओमकार तिवारी, नीरज रैकवार, पुष्पेंद्र विश्वकर्मा, रविंद्र शर्मा, सर्वेंद्र यादव, प्रमोद वर्मा, अतुल चौबे की मौजूदगी रही।

## पुलिस कर रही जिम, कोचिंग और खेल संस्थानों का सघन निरीक्षण

# महिलाओं की सुरक्षा और सुविधाओं पर दिया जा रहा ध्यान

छतरपुर पुलिस ने जिले के शहरी और ग्रामीण थाना क्षेत्रों में संचालित जिम सेंटर, कोचिंग संस्थानों और खेलकूद गतिविधियों से जुड़े संस्थानों का सघन निरीक्षण शुरू किया है। इस अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि ये संस्थान शासन के नियमों और मानकों के अनुरूप संचालित हों, साथ ही महिलाओं के लिए सुरक्षित और समुचित सुविधाएं उपलब्ध हों।



हरिभूमि न्यूज, छतरपुर।

**पुलिस द्वारा किए जा रहे निरीक्षण में संस्थानों के संचालन से जुड़े विभिन्न पहलुओं की गहन जांच की जा रही है। प्राथमिक रूप से यह देखा जा रहा है कि संबंधित संस्थान शासन द्वारा निर्धारित नियमों का पालन कर रहे हैं या नहीं।**

पार्किंग व्यवस्था की जांच पर विशेष जोर दिया जा रहा है, ताकि आसपास की यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो। इसके अलावा, संस्थानों में महिला और पुरुष प्रशिक्षार्थियों के लिए पृथक सुविधाओं, जैसे अलग वॉशरूम, चेंजिंग रूम और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की उपलब्धता की जांच की जा रही है। महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए पुलिस ने उनके लिए उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया और उनसे फीडबैक भी प्राप्त किया। निरीक्षण के दौरान महिलाओं से पूछा गया कि वे संस्थान में सुरक्षित महसूस करती हैं या नहीं। साथ ही, आपात स्थिति में सहायता के लिए थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी, बीट प्रभारी और पुलिस हेल्पलाइन नंबर साझा किए गए। निरीक्षण के दौरान पुलिस ने संस्थानों के रजिस्ट्रेशन दस्तावेज, उपस्थिति रजिस्टर, खुलने और बंद होने का समय, कोच, प्रशिक्षकों की जानकारी और प्रशिक्षार्थियों का विवरण भी जांचा। यह सुनिश्चित किया गया कि सभी रिकॉर्ड पारदर्शी और अद्यतन हों।

## खबर संक्षेप



### ग्राम वारी में सर्पदंश से महिला की मौत

छतरपुर। जिले के गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र के ग्राम बारी में घरेलू काम करते समय एक महिला को जहरीले सांप ने डस लिया। चूंकि परिजन उसे जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद झाड़-फूंक के लिए ले गए थे जिस कारण से उसका उचित उपचार नहीं हो सका और अंततः महिला की जान चली गई। जानकारी अनुसार ग्राम बारी निवासी संतू पाल की 32 वर्षीय पत्नी रामबाई पाल सोमवार को घर में झाड़ू लगा रही थी, तभी एक जहरीले सांप ने उसे डस लिया। परिजन तुरंत उसे मोटरसाइकिल से छतरपुर जिला अस्पताल ले आए, जहां प्राथमिक उपचार किया गया। इसके बाद परिजन रामबाई को झाड़-फूंक के लिए रतनगढ़ माता मंदिर और ग्राम सिमरधा ले गए। हालांकि जब वहां से कोई राहत नहीं मिली, तो परिजन दोबारा जिला अस्पताल लौटे, लेकिन तब तक रामबाई ने दम तोड़ दिया था। डॉक्टरों द्वारा मृत्यु की पुष्टि किए जाने के बाद मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम किया गया। इस मामले में डॉक्टरों का कहना है कि यदि परिजन समय पर उचित चिकित्सा सुविधा पर ध्यान देते, तो रामबाई की जान बचाई जा सकती थी।

### शराब पीने के बाद गई युवक की जान, मामला संदिग्ध



छतरपुर। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के सरानी गांव के एक युवक की ग्राम निवारी के शराब ठेके पर दोस्तों के साथ शराब पीने के बाद संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि मृतक ने मौत से पहले उन्हें फोन लगाकर शराब में जहरीला पदार्थ मिलाकर खिलाए जाने की बात कही थी। बहरहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और सभी को मृतक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के सरानी गांव का रहने वाला 22 वर्षीय प्रमोद रैकवार बीती रात, अपने दोस्त सुमित, भगवत, रामकिशोर और एक अन्य व्यक्ति के साथ ग्राम निवारी के शराब ठेके पर शराब पीने गया था। उसके साथियों के मुताबिक शराब का अधिक सेवन करने के बाद अचानक प्रमोद की तबीयत बिगडने लगी और इसी बीच प्रमोद ने अपने पिता श्यामलाल रैकवार से फोन कर कहा कि किसी ने उसे शराब में जहरीला पदार्थ मिलाकर खिला दिया है। परिजन तुरंत प्रमोद के बताए स्थान, छतरपुर के आरटीओ ऑफिस के पास पहुंचे और उसे घर ले गए। घर पर ठंडे पानी से नहलाने के बाद परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान देर रात प्रमोद की मृत्यु हो गई। प्रमोद के पिता श्यामलाल रैकवार का आरोप है कि उनके बेटे को शराब में जहरीला पदार्थ मिलाकर दिया गया, जिसके कारण उसकी मौत हुई है। फिलहाल शव की पोस्टमार्टम का इंतजार किया जा रहा है, क्योंकि पीएम रिपोर्ट से ही मौत का सटीक कारण स्पष्ट होगा।

### खेतों में पड़ी मिली सिर कटी लाश



छतरपुर। बिजावर अनुभाग के किशनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत झरकुंआ में एक खेत में महुआ के पेड़ के नीचे सिर कटी लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। अज्ञात पुरुष का यह शव, जिसकी उम्र लगभग 40 वर्ष अनुमानित है, तीन-चार दिन पुराना बताया जा रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिजावर भेजा है और शिनाख्त के साथ मौत के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक झरकुंआ गांव के एक खेत में महुआ के पेड़ के नीचे मिले इस शव का सिर धड़ से अलग था। मृतक के सिर पर काले बाल, चेहरे पर मूंछें थीं, और दाहिने हाथ की कलाई पर कलावा बंधा हुआ था। उसने पूर्ण बांह की शर्ट पहनी थी, जिसके नीचे काली और पीली रंग की टी-शर्ट थी, जिसमें केजेएस सीमेंट लिखा हुआ था। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिजावर के डॉक्टरों के अनुसार, शव तीन-चार दिन पुराना हो सकता है, क्योंकि शरीर सड़ा-गला था और उस पर जंगली जानवरों के निशान भी पाए गए। किशनगढ़ थाना प्रभारी ने बताया कि शव की शिनाख्त के लिए आसपास के क्षेत्रों में गुमशुदा लोगों की जानकारी एकत्र की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मौत का सटीक कारण स्पष्ट होगा। पुलिस ने प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है और क्षेत्र में लोगों से पूछताछ की जा रही है।

## घुटनों पर चलकर जनसुनवाई में आवेदन देने पहुंचे व्यापारी

# सड़क निर्माण का कार्य अधूरा होने से हो रही परेशानी



छतरपुर।

शहर में कलेक्टर बंगला के समीप सड़क चौड़ीकरण का कार्य अधूरा होने से स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी परेशानी से जिला प्रशासन को अवगत कराने मंगलवार को एक व्यापारी घुटनों पर चलकर जनसुनवाई में पहुंचा, जहां व्यापारी ने अपनी पीड़ा जाहिर की। शहर के वार्ड नंबर 16 में पन्ना नाका के पास रहने वाले व्यापारी प्रशांत जैन ने बताया कि कलेक्टर बंगला के पास सड़क चौड़ीकरण और फुटपाथ निर्माण का कार्य चार महीने से अधूरा पड़ा है। इस कारण क्षेत्र में आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे दुकानदारों और स्थानीय लोगों को भारी परेशानी हो रही है। प्रशांत ने कहा कि उन्होंने नगर पालिका में कई बार शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने आरटीआई के तहत कार्य की प्रगति और टेंडर की जानकारी मांगी, लेकिन नगर पालिका ने कोई जवाब नहीं दिया। इसी से परेशान होकर उन्होंने जनसुनवाई में घुटनों पर चलकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया और अपनी शिकायत दर्ज की। प्रशांत ने आशंका जताई है कि यदि बारिश के मौसम में अधूरी सड़क के कारण स्थिति और गंभीर हो सकती है।

**सीएमओ बोलीं- जानकारी नहीं मिली तो उच्च अधिकारियों के पास जाएं**

इस मामले में जब छतरपुर नगर पालिका की सीएमओ माधुरी शर्मा से बात की गई तो उन्होंने सफाई देते हुए कहा कि पुराने टेंडर का कार्य पूरा हो चुका है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि आवेदक को आरटीआई के तहत जानकारी नहीं मिली, तो वे उच्च अधिकारियों के पास अपील कर सकते हैं।

## पेट्रोल की बोतल हाथ में लेकर न्याय की गुहार लगाने पहुंचा फरियादी

# जनसुनवाई में मचा हड़कंप, अधिकारियों ने दिया कार्रवाई का भरोसा

हरिभूमि न्यूज, छतरपुर।

मंगलवार को छतरपुर कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान जमीनी विवाद और प्रशासनिक निष्क्रियता से त्रस्त एक व्यक्ति हाथ में पेट्रोल की बोतल लेकर न्याय की गुहार लगाने पहुंच गया, जिससे जनसुनवाई में हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई। फरियादी ने अपने पैतृक मकान पर अवैध कब्जे का आरोप लगाते हुए प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई। उसने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ, तो वह अपने बच्चों सहित आत्मदाह कर लेगा।



प्राप्त जानकारी के मुताबिक हंगामा करने वाला व्यक्ति, सटई तहसील क्षेत्र के ग्राम लखनगुवां का रहने वाला धीरज अहिरवार है। घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम अखिल राठौर और तहसीलदार मौके पर पहुंचे और उन्होंने धीरज से पेट्रोल की बोतल छीनकर उसे शांत किया और उसकी शिकायत सुनी। धीरज का आरोप है कि उसके पैतृक मकान और जमीन पर गांव के मैयादीन दुबे और आकाश दुबे अवैध कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। धीरज ने बताया कि यह मामला न्यायालय में था और 4 अप्रैल को कोर्ट ने उनके पक्ष में फैसला सुनाया। बावजूद इसके, वह अपने मकान का निर्माण नहीं कर पा रहा है। धीरज ने बताया कि उनका घर जर्जर हो चुका है, एक छोटा कमरा है जिसकी दीवारें टूट गई हैं। पूरी सर्दी परिवार को बाहर रहना पड़ा, और आगामी बारिश में छत ढहने का खतरा है। धीरज के मुताबिक कथित कब्जेदार स्थानीय विधायक के रिश्तेदार हैं, जिसके चलते प्रशासन कार्रवाई करने से कतरा रहा है। धीरेंद्र ने यह भी कहा कि उसके परिवार को जातिगत आधार पर निशाना बनाया जा रहा है। पिछले आठ महीनों से वे लगातार शिकायत कर रहे हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। इस मामले में एसडीएम अखिल राठौर ने बताया कि धीरेंद्र की शिकायत पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उन्होंने इस मामले में बिजावर के एसडीएम से भी बातचीत की है और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# शीलिंग ग्रुप ऑफ एजुकेशन द्वारा शीलिंग फ्यूचर फेस्ट 2025 का भव्य आयोजन



हरिभूमि न्यूज, छतरपुर।

शीलिंग ग्रुप ऑफ एजुकेशन द्वारा छतरपुर की सनसिटी कॉलोनी में शीलिंग फ्यूचर फेस्ट 2025 का भव्य आयोजन अत्यंत उत्साह एवं सांस्कृतिक गरिमा के साथ संपन्न हुआ। इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों की बहुआयामी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और उनमें आत्मविश्वास का विकास करना रहा।

कार्यक्रम में बच्चों ने नृत्य, गायन, अभिनय, स्टोरी टेलिंग, मिमिक्री, चित्रकला, फैंसी ड्रेस आदि विधाओं में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। मंच को विशेष रूप से बच्चों की रचनात्मक अभिव्यक्तियों के अनुरूप सजाया गया था। इस अवसर पर कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार एवं सनसिटी कॉलोनी अध्यक्ष श्याम किशोर अग्रवाल, मोहन बिलैया, अशोक दीक्षित, पार्षद, अधिवक्ता एवं लायन क्लब अध्यक्ष सुशील शिवहरे, लायन डॉ. कृष्ण कुमार रावत, लायन सचिन अग्रवाल, लायन सुनील अग्रवाल, लायन संजय अग्रवाल, तथा प्राचार्या सौम्या सिंह परमार उपस्थित रहीं। प्रमुख प्रस्तुतियों में माही अग्रवाल, श्रीजया बुंदेला, मणिकर्णिका अवस्थी एवं वैदेही अवस्थी का समूह नृत्य, सिद्धांत रावत द्वारा सिंथेसाइज़र पर देशभक्ति गीत, तथा अथर्व चौरसिया, आर्ना कश्यप, चाहत फब्वानी, अयांश जैन, सम्भवी कश्यप, आशी अग्रवाल एवं देवांश अग्रवाल आदि द्वारा प्रस्तुत हॉरर डांस विशेष रूप से सराहनीय रहा। सोनिया डांस अकादमी के प्रतिभागियों जानवी पटेल, लवेंद्र पटेल, सुमित कुशवाहा, मीरा कुशवाहा, राम साहू, शिखा गुप्ता, अनन्या सोनी, हर्षिता सोनी, हिमानी सिंह, अदित्रि नगरिया एवं पारुषी त्रिपाठी द्वारा प्रस्तुत नृत्य कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों को संस्था की ओर से उपहार एवं स्मृति चिह्न (शील्ड) प्रदान किए गए। साथ ही, अकादमी संचालक अनिल सोनी को भी विशिष्ट सम्मान प्रदान किया गया। विशिष्ट अतिथि श्याम किशोर अग्रवाल तथा सुशील शिवहरे ने अपने संबोधन में शीलिंग ग्रुप के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों की रचनात्मकता, आत्मविश्वास तथा मानसिक विकास को प्रोत्साहित करते हैं।

कार्यक्रम के अंत में संस्था के संचालक संजीव नगरिया ने बताया कि शीलिंग ग्रुप ऑफ एजुकेशन अपने स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सिल्वर जुबली वर्ष मना रहा है। इसी श्रृंखला में 1 जून 2025 से एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया है, जिसमें बच्चे रोबोटिक्स, कोडिंग एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी आधुनिक तकनीकों से परिचित होंगे। इस कार्यशाला का प्रदर्शन 8 मार्च 2026 को आयोजित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, छतरपुर जिले के 3 से 15 वर्ष के बच्चों के लिए टैलेंट शोकेस 2025 का आयोजन 9 जून से 15 जून 2025 तक किया जाएगा। जिसमें बच्चे नृत्य, गायन, वादन, अभिनय, मिमिक्री और स्टोरी टेलिंग जैसी विधाओं में प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं उपहार प्रदान किए जाएंगे। प्रतियोगिता के विजेताओं को नकद पुरस्कार दिए जाएंगे।




# कल से अतुलेशानंद गिरी महाराज सुनाएंगे श्रीराम कथा

ईशानगर। क्षेत्र के ग्राम बौंड़ा में स्थित करधईया सरकार हनुमान मंदिर में कल यानि कि 5 जून से श्रीराम कथा का भव्य आयोजन शुरू होने जा रहा है। इस नौ दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं, और गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में धार्मिक उत्साह का माहौल बना हुआ है। कथा का वाचन कन्नौज पीठाधीश्वर और विश्व संत परमसंघ उपाध्यक्ष अतुलेशानंद गिरी महाराज करेंगे। महामंडलेश्वर दीनबंधु दास महाराज के सानिध्य में यह सनातनी धर्मावलंबी विश्वकल्याण, जन सुख और जनहित के लिए श्रीराम नाम महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। दीनबंधु दास महाराज ने क्षेत्रवासियों, शहरवासियों, राज्य और देश के लोगों से इस आयोजन में शामिल होकर भगवत प्राप्ति की ओर अग्रसर होने की अपील की है। करधईया सरकार धाम, जिसका उल्लेख रामचरितमानस में मिलता है, सनातन परंपरा का एक महत्वपूर्ण तीर्थस्थल है। पिछले पांच वर्षों से यहां अखंड राम नाम संकीर्तन के साथ-साथ प्रातः 4 बजे सूर्योदय से पहले असाध्य रोगों की दवा का वितरण भी किया जाता है। कार्यक्रम की शुरुआत 5 जून को भव्य कलश यात्रा के साथ होगी, जिसमें स्थानीय महिलाएं उत्साहपूर्वक भाग लेंगी। श्रीराम कथा 5 जून से 14 जून तक प्रतिदिन शाम 4 से 8 बजे तक मंदिर परिसर में आयोजित होगी। कथा का रसपान कन्नौज पीठाधीश्वर श्री अतुलेशानंद गिरी महाराज, जो चित्रकूट आनंदधाम, कटंगी प्रज्ञाधाम और पारदेश्वर तीर्थ से जुड़े हैं, अपने मुखारविंद से कराएंगे।

## विक्रमपुर में लगाया गया इंटीग्रेटिव हेल्थ कैंप

# दर्शना महिला कल्याण समिति ने किया आयोजन

छतरपुर। दर्शना महिला कल्याण समिति की लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना (टीआई परियोजना) के अंतर्गत ग्राम पंचायत विक्रमपुर में 3 जून 2025 को एक इंटीग्रेटिव हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का निरीक्षण मध्य प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति, भोपाल के अतिरिक्त परियोजना निदेशक (एडीपी) राजीव पांडे ने किया। कैंप में स्वास्थ्य सुविधाओं, दस्तावेजों और परियोजना की प्रगति की गहन जांच की गई।

**कैंप का विवरण और निरीक्षण-** निरीक्षण के दौरान ओएसटी (ओपिओइड सबस्टिट्यूशन थेरेपी) केंद्र के डॉ. अरुण कुमार जैन, परामर्शदाता अशोक कुशवाहा, डाटा मैनेजर सुनील गुप्ता और एएनएम के दस्तावेजों की जांच की गई। श्री राजीव पांडे ने पाई गई कमियों को सुधारने के निर्देश दिए। दर्शना महिला कल्याण समिति के परियोजना प्रबंधक अमर सिंह यादव को ओएसटी पंजीकरण और लॉस्ट-टू-फॉलो-अप (एलएफयू) गैप को पूरा करने की सलाह दी गई। उन्होंने ओएसटी क्लाइंट्स से दवा के लाभों पर चर्चा की और कैंप की कमियों को दूर करने के लिए सभी को निर्देशित किया। कैंप में डॉ. अरुण जैन ने 80 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और दवाइयां वितरित कीं। आईसीटीसी काउंसलर प्रभात मिश्रा ने 35 लोगों की एचआईवी, सिफलिस, और हेपेटाइटिस बी व सी की जांच की। साथ ही, 15 लोगों की टीबी स्क्रीनिंग की गई, जिसमें से दो लोगों के सैंपल एकत्र किए गए। डीएसआरसी के परामर्शदाता अखिलेश श्रीवास्तव ने भी कैंप में सहयोग दिया। कैंप में एचआरजी (हाई-रिस्क ग्रुप) की पॉजिटिविटी पर चर्चा हुई, और अधिक पॉजिटिविटी वाले क्षेत्रों में कैंप आयोजित करने का सुझाव दिया गया। कैंप में दिशा डापकू से राजीव आसाटी और अनिल महदेले उपस्थित रहे। दर्शना महिला कल्याण समिति से परियोजना प्रबंधक अमर सिंह यादव, लेखपाल देवेंद्र पटैरिया, काउंसलर संध्या द्विवेदी, आउटरीच वर्कर्स (ओआरडब्ल्यू) भारती सेन, रुबिया खातून, मेघराज अहिरवार, रागिनी अहिरवार, और पीयर वर्कर्स कीर्ति, फेमीदा, और रामबाई शामिल रहीं। इसके अलावा, सीएचओ, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा सुपरवाइजर, और आशा कार्यकर्ता ने भी सहयोग प्रदान किया।



# सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों को विभाग ने किया सम्मानित

छतरपुर।

मंगलवार को पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल, पुलिस लाइन छतरपुर में आयोजित एक समारोह के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री विदिता डागर ने गत 31 मई 2025 को पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुए दो पुलिस अधिकारियों, सहायक उप निरीक्षक जीत सिंह और सहायक उप निरीक्षक भैया लाल पटेल को सम्मानित किया। दोनों अधिकारियों को उनकी उत्कृष्ट सेवा के लिए शॉल-श्रीफल, पुलिस स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया।



उल्लेखनीय है कि सहायक उप निरीक्षक जीत सिंह (थाना सटई) और सहायक उप निरीक्षक भैया लाल पटेल (थाना गढ़ीमलहरा) ने 1984 में जिला छतरपुर में आरक्षक के रूप में अपनी सेवा शुरू की थी। जीत सिंह ने छतरपुर और टीकमगढ़ जिलों में, जबकि भैया लाल पटेल ने छतरपुर जिले के 10 से अधिक थानों में अपनी सेवाएं दीं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री विदिता ने समारोह में दोनों अधिकारियों के समर्पण और कार्यों की सराहना की। उन्होंने सेवानिवृत्त अधिकारियों को मंगलमय जीवन, अच्छे स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। सेवानिवृत्त अधिकारियों ने अपने सेवाकाल के अनुभव साझा किए, जिनमें पुलिस सेवा की चुनौतियां और उपलब्धियां शामिल थीं। उनके अनुभवों ने उपस्थित जूनियर पुलिस कर्मचारियों को प्रेरित किया। वहीं एएसपी विदिता डागर ने बताया कि दोनों अधिकारियों के बच्चे शासकीय सेवा में कार्यरत हैं, और उनकी शैक्षणिक स्थिति व व्यवसाय को देखकर उनके परिवार के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। समारोह में रक्षित निरीक्षक पूर्णिमा मिश्रा, रक्षित केंद्र के संबंधित पुलिस अभिलेख अधिकारी, सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी और जूनियर पुलिस कर्मचारी उपस्थित रहे। यह आयोजन छतरपुर पुलिस के लिए एक भावनात्मक और प्रेरणादायक क्षण रहा, जो सेवानिवृत्त अधिकारियों की सेवाओं को सम्मान देने के साथ-साथ नए कर्मचारियों में कर्तव्यनिष्ठा का संदेश देता है।

**खबर संक्षेप**

## मुख्यमंत्री आज आयेंगे रीवा



**रीवा**। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 4 जून को रीवा जिले के मनगवां विधानसभा क्षेत्र के गंगेव आएंगे। मुख्यमंत्री डॉ यादव रीवा के गंगेव में आयोजित महिला स्वसहायता समूह के सशक्तिकरण सम्मेलन में शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ यादव सुबह 11.55 बजे भोपाल से वायुयान से प्रस्थान कर दोपहर 12.30 बजे डुमना एयरपोर्ट जबलपुर पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री जबलपुर से हेलीकाप्टर द्वारा दोपहर 12.35 बजे प्रस्थान कर 1.30 बजे उमरिया जिले के पाली पहुंचकर स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री दोपहर 3 बजे पाली से हेलीकाप्टर से प्रस्थान कर दोपहर बाद 3.45 बजे हेलीपैड गंगेव पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री गंगेव स्टेडियम में आयोजित विशाल महिला स्वसहायता समूह सशक्तिकरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर कन्या पूजन और दीप प्रज्वलन कर महिला स्वसहायता समूहों के सम्मेलन का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विद्युत चलित शैलाचाक से निर्मित मिट्टी के बर्तनों का अवलोकन एवं वितरण कर हितग्राहियों से चर्चा करेंगे। कार्यक्रम में अतिथियों के स्वागत के बाद मनगवां विधायक श्री नरेन्द्र प्रजापति स्वागत उद्बोधन देंगे। इसके बाद सांसद जनार्दन मिश्र का उद्बोधन होगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ यादव विकास कार्यों का वर्चुअल लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री और रीवा जिले के प्रभारी मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल का उद्बोधन होगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आजीविका उन्नयन के द्वारा आर्थिक रूप सशक्त हुई स्वसहायता समूहों की महिलाओं से संवाद करेंगे और जनसभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में इसके बाद मुख्यमंत्री हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण करेंगे। कार्यक्रम का समापन आभार प्रदर्शन से होगा।

## घर के बाहर खड़ी बाईक हुई गायब, चंद घंटों में चोरों से हुई बरामद

**रीवा**। जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दोहा में सोमवार की दोपहर घर के पास खड़ी बाइक अज्ञात चोरों ने पार कर दी थी, जिसके बाद उक्त बाइक सोमवार को बैकुंठपुर कस्बे में पुराने थाने के समीप मिल गई। बाइक मालिक द्वारा बाइक को बरामद कर दो संदेहियों को भी पकड़ा जिन्हे पुलिस के हवाले कर दिया है। घटना के संबंध में ग्राम दोहा निवासी दिनेश पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि ऋषिकेश पाण्डेय की बाइक रविवार की दोपहर तकरीबन 1 बजे चोरी हो गई थी जिसे सोमवार की सुबह 10 बजे पुराने थाने के पास से बैकुंठपुर कस्बे में ही बरामद कर लिया गया। उन्होंने बताया कि बाइक चोरी करने वाले दो आरोपी ग्राम दोहा के है, जबकि एक आरोपी नवागांव का है, जिनसे पुलिस पूछतांछ कर रही है, बताया गया है कि पूछताछ के दौरान आरोपियों से और वारदातों के संबंध में खुलासा हो सकता है।

## आदतन अपराधी धारदार हथियार के साथ गिरफ्तार



**रीवा**। शहर के सिटी कोतवाली पुलिस ने एक आदतन बदमाश को धारदार चाकू के साा गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ सिटी कोतवाली थाना में पूर्व से 8 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध थे। सिटी कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद सिंह राठौर ने बताया कि बीती रात आरोपी सूजल बेग पिता स्वं मिर्जा कयूब बेग 20 वर्ष निवाासी गुप्ता लॉज के पीछे घोघर बड़ी पुल के पास धारदार चाकू के साथ आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा था। पुलिस टीम ने आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा जिसके कब्जे से चाकू जब्त किया गया।

### बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के पटना कचूर गांव में तीन अगल - अगल घरों को चोरों ने बनाया निशाना

# सेंधमारी कर घर में घुसे चोरों ने पार किए लाखों के आभूषण

### पालतू कुत्तों को बेहोश कर रची थी साजिश

हरिभूमि न्यूज, रीवा।

जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पटना कचूर गांव में रविवार और सोमवार की दरम्यानी रात चोरों ने दहशत फैलाते हुए तीन घरों में सेंधमारी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने पहले पालतू कुत्तों को बेहोश किया, फिर एक के बाद एक तीन घरों को निशाना बनाकर लाखों रुपये मूल्य के जेवरात और नकदी पार कर ली।





यह पूरी घटना गांव में सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है बता दे बाइक सवार नकाबपोश चोर पहले गांव में दाखिल हुए और एकांत स्थान पर शराब पार्टी की। इसके बाद उन्होंने घरों के बाहर रखे पालतू कुत्तों पर किसी प्रकार का स्प्रे डालकर उन्हें बेहोश कर दिया ताकि वारदात के दौरान शोर न हो सके। पहला हमला गांव के धर्मेंद्र मिश्रा के घर पर हुआ। खिड़की के पास से सेंध लगाकर चोर घर में दाखिल हुए और लोहे की पेटी तोड़कर तकरीबन 1.5 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के गहने लेकर फरार हो गए। इसके बाद जगन्नाथ मिश्रा के घर में सेंधमारी की गई, जहां अलमारी और संदूक तोड़कर कीमती जेवरात और नकदी पर हाथ साफ किया गया। वारदात के दौरान घर की एक महिला की नींद खुल गई, लेकिन खुद को चोरों से घिरा देख वह डर के मारे घर से बाहर निकल गई। तीसरी चोरी शिवानंद साकेत के घर में हुई, जहां प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत रखी गई निर्माण संबंधी राशि चुरा ली गई। जानकारी के अनुसार तीन भाइयों के मकानों के लिए यह रकम रखी गई थी। चोरी के बाद चोर गांव से कुछ दूरी पर गए और वहां एक पेटी को तोड़कर उसमें से जेवर निकाल लिए। बचा हुआ सामान वहीं छोड़ कर फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही बैकुंठपुर पुलिस मौके पर पहुंची और क्राइम सीन से फिंगरप्रिंट व अन्य सबूत एकत्र किए। थाना प्रभारी ने बताया कि अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और सीसीटीवी फुटेज व संदिग्धों की कॉल डिटेल खंगाली जा रही है।

## जोन में ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी

### 228 लापता बालिका सकुशल बरामद लेकिन अभी भी 400 से अधिक बच्चे लापता




**रीवा**। रीवा संभाग में पुलिस द्वारा मई माह में चलाए गए ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत लापता नाबालिग बच्चों की तलाश में उल्लेखनीय सफलता मिली है। हालांकि, अब भी कई परिजनों की आंखें अपने बच्चों के लौटने की राह देख रही हैं। संभाग भर से अब तक कुल 228 नाबालिग बालिकाओं को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंपा गया है, लेकिन अकेले रीवा जिले में 131 नाबालिग अब भी लापता हैं। पुलिस महानिरीक्षक गौरव राजपूत के नेतृत्व में यह विशेष अभियान 1 मई से 31 मई तक चलाया गया। इस दौरान रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, मऊगंज और मैहर जिले की पुलिस टीमों ने देश के विभिन्न राज्यों में फैले लापता बच्चों को खोजने के लिए भरसक प्रयास किए। बता दे अभियान के आंकड़े चौंकाने वाले हैं। रीवा जिले में कुल 205 नाबालिग बालिकाओं की गुमशुदगी दर्ज थी, जिनमें से पुलिस केवल 74 को ही बरामद कर सकी। शेष 131 बालिकाएं अभी भी लापता हैं, जिनकी तलाश जारी है। रीवा पुलिस द्वारा बरामद किए गए बच्चों की कुल संख्या 80 है, जिसमें 72 बालिकाएं और 8 बालक शामिल हैं। रीवा संभाग के अन्य जिलों की बात करें तो सतना पुलिस ने 50, सीधी ने 37, सिंगरौली ने 24, मऊगंज ने 16 और मैहर पुलिस ने 29 नाबालिग बालिकाओं को विभिन्न स्थानों से खोज निकाला है। यह बच्चे देश के अलग-अलग राज्यों में स्थित थे, जिनमें मुख्य रूप से गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और दिल्ली जैसे राज्य शामिल हैं।बॉक्स गुजरात-महाराष्ट्र बने मुख्य ठिकानेअभियान के दौरान सामने आया कि अधिकतर नाबालिग बच्चों को गुजरात और महाराष्ट्र में खोजा गया। रीवा के थाना कोतवाली क्षेत्र की पुलिस ने वर्ष 2020 से लापता एक नाबालिग बालिका को गुजरात के भरूच से दस्तयाब किया, जिसकी दूरी लगभग 1200 किलोमीटर है। इसी प्रकार पनवार थाना पुलिस ने आठ साल से लापता एक बच्चे को गुजरात से तलाशा। वहीं, गुढ़ थाना पुलिस ने 2017 की एक अपहृता को नीमच जिले से खोज निकाला, जिस पर पहले से पुलिस अधीक्षक द्वारा 6000 रुपये का इनाम घोषित किया गया था।बॉक्स कई थाना क्षेत्रों की अहम भूमिकाथाना चोरहटा ने एक बालिका को वापी गुजरात से बरामद किया, जबकि थाना जनेह ने अहमदाबाद से एक नाबालिग को खोजा। थाना सगरा की टीम ने एक नाबालिग अपहृता को महाराष्ट्र के नाशिक से दस्तयाब किया। इन सफलताओं के पीछे स्थानीय पुलिस की सतत निगरानी, सतर्कता और विभिन्न राज्यों की पुलिस से समन्वय अहम रहा।

### विशेष कक्षाओं में छात्र नदारद, पहले ही दिन शिक्षक करते रहे इंतजार

## 10वीं-12वीं में फेल छात्रों के लिए शुरू हुई थीं क्लासें

रीवा।

राज्य शिक्षा विभाग द्वारा 10वीं और 12वीं कक्षा में असफल छात्रों को दूसरा अवसर देने के उद्देश्य से शुरू की गई विशेष तैयारी कक्षाएं पहले ही दिन अपने उद्देश्य में असफल होती नजर आईं। सोमवार से रीवा जिले सहित पूरे प्रदेश में ये कक्षाएं शुरू हुईं, लेकिन रीवा में पहले दिन ही स्थिति निराशाजनक रही। कई स्कूलों में शिक्षक समय पर पहुंचे, उपस्थिति रजिस्टर खोला गया, लेकिन छात्र नजर ही नहीं आए। स्थिति यह रही कि शहर के सरकारी हायर सेकेंडरी स्कूलों में शिक्षक खाली कमरों में बैठे रहे। किसी स्कूल में एक छात्र आया, तो कहीं पूरे दिन कोई नहीं पहुंचा। शिक्षा विभाग की इस महत्वाकांक्षी योजना को लेकर अब सवाल उठने लगे हैं कि क्या छात्रों तक इसका संदेश ही नहीं पहुंच पाया या वे इस योजना को



लेकर गंभीर नहीं हैं,शिक्षा विभाग ने हर स्कूल में विषयवार शिक्षकों की उपस्थिति अनिवार्य की है। जिले के सभी ब्लॉक स्तर के स्कूलों को निर्देश दिए गए थे कि सभी शिक्षक तय समय पर स्कूल में उपस्थित रहें और पढ़ाई कराएं। शिक्षक पहुंचे भी, लेकिन क्लासरूम खाली रह गए। कई शिक्षकों ने बताया कि छात्रों से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उनमें रुचि नहीं दिख रही है।बॉक्स जिले में 19,000 से अधिक छात्र फेलजिले में इस वर्ष 10वीं में 10,430 और 12वीं में 9,256 छात्र-छात्राएं असफल हुए हैं। यानी लगभग 20 हजार ऐसे विद्यार्थी हैं, जो दोबारा परीक्षा देकर अपनी शैक्षणिक यात्रा को जारी रख सकते हैं। इन्हीं छात्रों के लिए 2 जून से 14 जून तक विशेष कक्षाएं चलाई जा रही हैं। लेकिन शुरुआत में जिस तरह की भागीदारी सामने आई है, वह चिंता का विषय बन चुकी है।बॉक्स ग्रामीण क्षेत्रों में हाल और भी खराबशहर की तुलना में ग्रामीण अंचलों में स्थिति और भी खराब रही। कई जगह शिक्षकों ने व्यक्तिगत रूप से संपर्क करके छात्रों को बुलाने की कोशिश की, लेकिन स्कूल आने की मानसिकता नहीं दिखी। शिक्षक बताते हैं कि परीक्षा में फेल होने के बाद छात्र मानसिक रूप से टूट जाते हैं और दोबारा परीक्षा की तैयारी में संकोच करते हैं।बॉक्स फॉर्म भरने की अंतिम तारीख 8 जूनफेल छात्रों के लिए ऑनलाइन परीक्षा आवेदन की अंतिम तिथि 8 जून रात 12 बजे तक बढ़ा दी गई है। अभी बड़ी संख्या में ऐसे छात्र हैं जिन्होंने दोबारा परीक्षा के लिए फॉर्म नहीं भरा है। यह भी छात्रों की उदासीनता का एक कारण माना जा रहा है। शिक्षा विभाग का कहना है कि छात्रों को प्रेरित करने का अभियान तेज किया जाएगा।

## जनसुनवाई में 86 आवेदकों की सुनीं गईं समस्यायें

रीवा।



कलेक्ट्रेट कार्यालय में प्रति सप्ताह आयोजित होने वाली जनसुनवाई में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने 86 आवेदकों की समस्यायें सुनीं तथा संबंधित आवेदनों को विभागीय अधिकारियों को प्रेषित कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। संयुक्त कलेक्टर पी.के. पाण्डेय ने भी जनसुनवाई की। जनसुनवाई में तिघरा निवासी बालमीक शुक्ला के सीमांकन कराने, बरा 396 के रामगोपाल मिश्रा के खसरा सुधार कराने, लौवा निवासी नंदकिशोर कुशवाहा के पुनः सीमांकन कराने तथा रौरा निवासी महेन्द्र कुमार के नामांतरण कारक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। इसी प्रकार पाती निवासी रामनिवास यादव ने सड़क दुर्घटना में मृत पत्नी के आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत करने के आवेदन को तहसीलदार हुजूर को कार्यवाही करने हेतु प्रेषित किया गया। गणेश प्रसाद विश्वकर्मा निवासी अमवा के भूमि अतिक्रमण मुक्ति कराने के आवेदन को एसडीएम मनगवां को, गहिलवार निवासी प्रदीप कुमार मिश्रा के नक्शा संशोधन के आवेदन को नायब तहसीलदार डभौरा को तथा बीड़ा निवासी श्रीमती रामदुलारी के अवरूद्ध रास्ता को खुलवाने के आवेदन को तहसीलदार सेमरिया को कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। जनसुनवाई में महमूदपुर के जगदीश प्रसाद मिश्रा तथा भेलौड़ी निवासी नागेन्द्र शुक्ला के भूमि अधिग्रहण का मुआवजा दिलाने के आवेदनों को सिंचाई विभाग को तथा नदना निवासी शंकर प्रसाद पाण्डेय के खाद्यान्न दिलाने के आवेदन पर खाद्य अधिकारी को कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये। इसी क्रम में शांति देवी सेमरिया निवासी के परिवार पेंशन प्रदाय करने के आवेदन पर पेंशन अधिकारी को तथा छोटेलाल तिवारी निवासी छत्रपति नगर के नाली निर्माण के आवेदन को आयुक्त नगर निगम को प्रेषित किया गया। पुष्पराज पटेल एवं ग्रामवासी कुंइया के स्थगन के बाद भी निर्माण कार्य पर रोक लगाने के आवेदकों सीईओ जिला पंचायत को कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया।

## मुख्यमंत्री आज आएंगे लिया तैयारियों का जायजा

**रीवा**। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 4 जून को एक दिवसीय प्रवास पर रीवा जिले के मनगवां विधानसभा क्षेत्र के गंगेव आ रहे हैं। मुख्यमंत्री गंगेव स्टेडियम में आयोजित महिला स्वसहायता समूह सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों का वितरण करेंगे। मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति के मिट्टी के बर्तन बनाने वाले परंपरागत शिल्पियों को बिजली से चलने वाले चाक प्रदान करेंगे। सम्मेलन दोपहर 3 बजे आरंभ होगा। विधायक मनगवां नरेन्द्र प्रजापति, रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद, आईजी गौरव राजपूत, डीआईजी राजेश सिंह तथा कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने दौरे की तैयारियों का मौके पर जायजा लिया। अधिकारियों ने हेलीपैड स्थल तथा मुख्य कार्यक्रम स्थल की व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। कमिश्नर ने कहा कि महिला स्वसहायता समूह सशक्तिकरण सम्मेलन में शामिल होने वाले हितग्राहियों के बैठने की सेक्टरवार व्यवस्था करें। हितलाभ वितरण वाले हितग्राहियों को मंच के समीप बैठने के लिए स्थान सुरक्षित करें। पंडाल के प्रत्येक सेक्टर में कार्यपालन यंत्री पीएचई और नगरीय निकाय मिलकर पेयजल की समुचित व्यवस्था करें। प्रत्येक सेक्टर में एक



अधिकारी और कर्मचारी पेयजल की आपूर्ति के लिए तैनात रखें। सभी सेक्टर में कार्यपालिक मजिस्ट्रेट तथा पुलिस अधिकारी कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए समुचित प्रबंध करें। कमिश्नर ने अधिकारियों को मंच व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन तथा साउंड व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिए। इस अवसर पर जनपद पंचायत गंगेव के अध्यक्ष श्री विकास तिवारी आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, प्रभारी पुलिस अधीक्षक विवेक लाल तथा प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## अपनी ही जमा पूंजी के लिए कार्यालय की खाक छान रहे हितग्राही जांच के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

मऊगंज

जिले में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रीवा की शाखा पहाड़ी जिला मऊगंज अंतर्गत कृषि सहकारी समिति हर्दी, गौरी, टटिहरा, एवं देवरा पटेहरा द्वारा संचालित बैंक खातों में अमानत दरों द्वारा जमा की गई। में लगभग 7 करोड रुपए हितग्राहियो के खाते से गवन करने का मामला प्रकाश में आया अपनी ही जमा पूंजी के लिए 2 वर्ष से कार्यालय की खाक छान रहे हितग्राही ना तो उन्हें राशि वापस की गई नहीं जांच उपरांत कोई ठोस निर्णय लिए गए आज भी हितग्राही अपने पूंजी के लिए कार्यालय का चक्कर काट रहे।*कलेक्टर कार्यालय का लगा रहे चक्कर हितग्राही* मऊगंज जिले में एक बड़ा मामला प्रकाश में आया है जिसमें जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रीवा की शाखा पहाड़ी जिला मऊगंज अंतर्गत कृषि सहकारी समिति हर्दी, गौरी, टटिहरा, एवं देवरा पटेहरा द्वारा संचालित बैंक खातों में करीब 3000 लोगों की जमा पूंजी आज उनको वापस नहीं मिल पा रही है। अपनी ही जमा पूंजी के लिए दर-दर की ठोकरे खाने को मजबूर है खातेदार अपनी गाढ़ी कमाई पाने एवं हक व अधिकार के लिए बीते दो वर्षो से अधिकारियों के चक्कर लगा लगा कर थक चुके लेकिन मिल रहा तो सिर्फ आश्वासन मजबूर सभी लोग मऊगंज कलेक्टर से मिलने पहुंचे कलेक्टर ने पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए पूरी जांच कराकर दोषियों पर सख्त कार्रवाई कर पैसा वापस दिलाने की बात कही अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि गरीबों के हक की बात करने वाली सरकार में ही गरीबों के हक पर डाका डाला जा रहा अब देखना होगा की इन गरीबों कब तक न्याय मिलता है।*पैसा ना मिलने पर लोगों रीवा में की थी शिकायत*यहां के एक हितग्राही भगवान दास द्विवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि 2 लाख हमारे जमा है। ढाई लाख रुपए हमारी पत्नी के नाम से बैंक में कई बार चक्कर लगाए तब पता चला कि हमारे जैसे हजारों हितग्राही का पैसा नहीं मिल रहा है। तब हमने दो दर्जन से अधिक लोगों के साथ 11 अप्रैल 2023 को कलेक्टर रीवा से शिकायत दर्ज कराई। जांच कराने की बात कही गई लेकिन फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई।20 जून 2023 को फिर दो दर्जन से अधिक की संख्या में हितग्राहियों के साथ उपायुक्त सहकारिता रीवा में जाकर पुनः शिकायत की कोई कार्रवाई नहीं की गई। 16 फरवरी 2024 को मऊगंज कलेक्टर अजय श्रीवास्तव के पास पहुंचकर हम सभी लोगों ने अपनी शिकायत दर्ज कराई कलेक्टर ने इस मसले को गंभीरता से लेते हुए जिला सहकारी विभाग रीवा को पत्र लिखा और जांच करने की बात कही। उनके द्वारा भेजे गए पत्र के बाद 20 मार्च 2024 को हम लोगों को रीवा बुलाया गया। जहां जैनेंद्र पांडे शाखा



प्रबंधक से मुलाकात हुई उन्होंने जानकारी लेकर कहा कि शिकायत किए हैं हम लोगों ने कहा कि हमारी जमा पूंजी बैंक द्वारा नहीं दी जा रही है। *सहकारी समिति बंधक रीवा ज्ञानेंद्र पांडे ने गैर जिम्मेदाराना जवाब देते हुए कहा कि आप लोगों का पैसा आलू टमाटर की तरह सड़ गया है उसे अब आप लोग भूल जाइए उसके लिए राम-राम कहिए मिलने वाला नहीं है।*हम लोग निराश और परेशान होकर वहां से वापस लौट आए। फिर हम लोग विधायक प्रदीप पटेल के पास पहुंचे और अपनी पीड़ा सुनाई।19 जून 2024 को विधायक प्रदीप पटेल ने डीआर (डिप्टी रजिस्ट्रार) कार्यालय रीवा पहुंचे वहां अधिकारियों ने ज्ञानेंद्र पांडे को बुलाया विधायक प्रदीप पटेल ने कहा लोगों का पैसा वापस दिलाओ। तब जैनेंद्र पांडे ने कहा कि ब्रांच में हमारे कर्मचारी नहीं है आप पैसा नहीं मिल पाएगा और हर बन में जो अधिकारी थे हमने उन्हें सस्पेंड कर दिया है पहाड़ी ब्रांच में कर्मचारी श्री प्रसाद मिश्रा है उन्हीं से बैंक का काम हो रहा है। वाकी कर्मचारी समिति के हैं उन कर्मचारियों से मेरा कोई लेना-देना नहीं। **विधायक प्रदीप पटेल भी इस मामले में दे चुके हैं धरना-** तब हम लोग विधायक के साथ 19 जून 24 डीआर ऑफिस के सामने धरने पर बैठ गए 20 जून तक बैठे रहे। विधायक प्रदीप पटेल ने इसकी शिकायत सीएम से की सीएम ने कहा कि आप लोग धरना समाप्त कर दीजिए मैं जांच कर्मचारी भेज रहा हूं फिर तीन सदस्य टीम द्वारा जांच कराई गई। जांच के बाद सेवा सहकारी समिति हर्दी नंबर एक सहायक समिति सेवक राजीव लोचन शुक्ला को बर्खास्त कर दिया गया। **जांच के बाद अभी तक नहीं हुई कार्रवाई-** समिति ने जांच की जांच में व्यापक धांधली सामने आई, करोड़ों रुपए का गवन, के मामले उजागर हुए लेकिन जांच टीम द्वारा ना तो कोई ठोस कार्रवाई की जानकारी मिली ना ही इन गरीब हितग्राहियों का पैसा वापस किया गया यह गरीब अपनी पीड़ा किसे सुनाए 2 वर्ष बीत गया अपनी ही पूंजी के लिए कार्यालय का चक्कर काट काट कर थक चुके हैं अब तो सरकार पर से भी इनका भरोसा उठ रहा है। जब शासकीय बैंक का यह हाल है सीएम के आदेश के बाद भी जांच के बाद कोई ठोस निर्णय नहीं लिए गए। हितग्राही परेशान है।*इन समितियां में हुआ भ्रष्टाचार*जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित (रीवा) जिला मऊगंज की शाखा पहाड़ी अंतर्गत समितियां में हर्दी, गौरी, टटिहरा, एवं देवरा पटेहरा एवं हटवा समितियां में हितग्राहियों की राशि गवन कर ली गई है। 2 वर्ष से हितग्राही अपनी पूंजी के लिए चक्कर काट रहे हैं। जिनमें हनुमना खाद्य निरीक्षक अनिल गुप्ता द्वारा मिली जानकारी के अनुसार - सेवा सहकारी समिति हर्दी में 4 करोड़ 50 लाख- गौरी एक करोड़ 50 लाख- देवरा पटेहरा लगभग 45 लाख लाख- टटिहरा 35 लाख - हटवा 16 लाख टोटल लगभग 6 करोड़ 96 लाख देनदारिया बाकी है। यह राशि सम्वधित बैंक खाते में नहीं है। जिसकी विभाग द्वारा जांच कराई जा रही है।*इस तरह हुआ भ्रष्टाचार*खाद्य निरीक्षक अनिल गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि हर्दी में 40 लाख का गोदाम बनाया गया है। जिसमें शासन के स्वीकृत के बाद 40 लाख रुपए का भुगतान भी किया गया। वहीं हर्दी समिति के जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा फर्जी तरीके से 70 लाख रुपए का गोदाम निर्माण के नाम पर अतिरिक्त भुगतान दिखाकर राशि आहरित कर ली गई। जिसकी जांच कराई जा रही है।*सहकारी समिति में पैसा जमा करने वाले कुछ हितग्राहियों के नाम इस प्रकार हैं* - संकर्षण प्रसाद गौतम 1 लाख 16 हजार की एफडी है। जो 2023 में पूर्ण हो चुकी है। - रुक्मनिया कुशवाहा पिता औसेरी कुशवाहा 93 हजार रुपए - रामाश्रम कुशवाहा पिता विश्राम कुशवाहा 26 हजार रुपए - गुलाब प्रसाद कुशवाहा पिता रामाश्रय कुशवाहा 6 हजार रुपए - नीता कुशवाहा पति भोला कुशवाहा 35 हजार रुपए- रामपती प्रजापति पिता वंसधारी प्रजापति 2 लाख रुपए - राजभान कुशवाहा पिता जयकरण कुशवाहा 49 हजार रुपए - नीरज कुशवाहा प्रताप राजभान कुशवाहा 50 हजार की एफडी जो पूर्ण हो चुकी है। पैसा नहीं मिल रहा- रामस्वरूप पिता दयाशंकर 57 हजार रुपए की एफडी पूर्ण हो चुकी है। पैसा नहीं मिल रहा- मुरारीलाल गुप्ता पिता ओंकारनाथ गुप्ता के परिवार से तीन लोगों में 2 लाख रुपए - बेला काली गुप्ता पथ कृष्ण दास गुप्ता 2 लाख 65 हजार रुपए - कृष्ण दास गुप्ता पिता श्यामलाल गुप्ता 3 लाख 13 हजार रुपए नगद, एवं 78 हजार रुपए की एफडी - रहसकली गुप्ता पति महेश गुप्ता 8 लाख रुपए नगद जमा,4 लाख रुपए की एफडी जो 2023 में पूर्ण हो चुकी है। - कपूर चंद्रगुप्त पिता श्यामलाल गुप्ता नगद जमा 3 लाख रुपए, एक लाख 10 हजार रुपए की एफडी - बैजनाथ सोंधिया पिता बुद्धसेन सोंधिया 60 हजार नगद 33 हजार रुपए की एफडी जो 2023 में पूर्ण हो चुकी है- बुद्ध सेन सोंधिया पिता जमुना सोंधिया 1 लाख 50 हजार रुपए नगद जमा - प्रमोद सोंधिया पिता बुद्धसेन सोंधिया 50 हजार रुपए नगद जमा - राजेश गुप्ता पिता बाबूलाल गुप्ता 70 हजार रुपए नगद जमा - बाबूलाल गुप्ता पिता सरजू गुप्ता 40 हजार रूपए जमा - पायल गुप्ता पिता रमेश गुप्ता 1लाख की एफडी जो 2023 में पूर्ण हो चुकी है।- मिठाई लाल गुप्ता पिता राम छबीले गुप्ता 2 लाख नगद जमा, 5 लाख की एफडी है। जो अक्टूबर 2024 में पूर्ण हो चुकी है- मनवती साकेत पति जमुना साकेत 20 हजार नगद जमा - मंजू साकेत पति रमेश साकेत 20 हजार की एफडी है जो 2022 में पूर्ण हो चुकी है। - गीता साकेत पति नारायण साकेत 15 हजार रुपए नगद जमा - कलावती साकेत पति कमलेश साकेत 20 हजार नगद नगर जमा - रामपति प्रजापति पिता वंसधारी प्रजापति 2 लाख नगद जमा - राम सिया गुप्ता पिता रामाधार गुप्ता 2 लाख रुपए नगद जमा - रघुनाथ गुप्ता पिता रामाधार गुप्ता 2 लाख रुपए नगद जमा- सोनिया प्रजापति पति ग्लहौरी प्रजापति 1लाख 70 हजार रुपए नगद जमा इसी तरह हजारों हितग्राहियों की जमा पूंजी जो अपने परिवार जनों से अपने बच्चों से बचाकर अपने जरूरत के लिए बैंक में जमा किए हुए थे अब उन्हीं का पैसा उन्हें ही मिलने में कार्यालयों को चक्कर काटना पड़ रहा है। जब शासकीय बैंक का यह हालत है तो प्राइवेट बैंकों पर कैसे लोग भरोसा कर पाएंगे। गरीबों और किसानों का मसीहा खाने वाली सरकार के जिम्मेदार अधिकारी गरीबों की पूंजी को ही डकार गए। अब देखना यह होगा कि क्या इन गरीबों का पैसा मिल पाएगा या फिर गवर्न के आरोपियों पर कार्रवाई होगी लोगों के मन में बड़ा सवाल है।